प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अफ्रीकी देश कांगो, यूगांडा और दक्षिण सूडान की गैर–जरूरी यात्रा न करने की सलाह दी।
2. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी– एनटीए ने नीट यूजी परीक्षा शुल्क वापसी की प्रक्रिया शुरू की, अभ्यर्थियों से पंजीकरण पोर्टल पर 27 मई तक मांगा बैंक डिटेल्स।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण दंड स्वरूप करने को बताया अनुचित, देवघर जिले के दो शिक्षकों का तबादला आदेश किया रद्द।
4. स्वास्थ्य विभाग विशेष तम्बाकू नियंत्रण और जन– जागरूकता अभियान करेगा शुरू, स्कूलों और कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में तम्बाकू बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से किया जायेगा लागू।
5. झारखंड में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी, रांची समेत कई जिलों में आज हिट वेव चलने का अलर्ट।

****

केंद्र सरकार ने इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अफ्रीकी देश कांगो, यूगांडा और दक्षिण सूडान की गैर–जरूरी यात्रा न करने की सलाह दी है। सरकार ने इन देशों में मौजूद भारतीय नागरिकों से भी स्थानीय स्वास्थ्य दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने या ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। इबोला, वायरस से फैलने वाला रोग है जिसमें बुखार और रक्तस्राव होता है। फिलहाल इस रोग का कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है।

****

नीट यूजी–2026 की परीक्षा रद्द होने के बाद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी– एनटीए ने आवेदन शुल्क वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी नीट–यूजी 2026 के रजिस्ट्रेशन पोर्टल बैंक डिटेल्स भर सकते हैं। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि एक बार बैंक डिटेल्स जमा होने के बाद किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकेगा। बैंक डिटेल्स जमा करने की सुविधा 27 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर 25 मई से 11 जून तक विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक को लेकर पेश है रिपोर्ट–

****

झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण दंड के तौर पर नहीं किया जा सकता। कल एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने देवघर जिले के दो शिक्षकों के तबादले के आदेश को निरस्त करते हुए मूल पदस्थापन पर बहाल रहने का आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि विभाग को शिक्षकों के खिलाफ कोई शिकायत है तो उनपर अलग से कार्रवाई की जा सकती है।

****

स्वास्थ्य विभाग पूरे राज्य में विशेष तम्बाकू नियंत्रण और जन– जागरूकता अभियान चलायेगा। यह अभियान विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई से लेकर 26 जून तक चलेगा। हमारे रांची संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने सभी जिलों को निर्देश जारी किया है।

****

रांची के 36 केंद्रों पर आज यूपीएससी की सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा शाम 7 बजकर 30 मिनट तक प्रभावी रहेगी। सभी केंद्रों में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश की बेटियां सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र का भविष्य बन रही हैं। उन्होंने शनिवार को लोहरदगा के प्राचीन गुरुकुल शांति आश्रम में आयोजित सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आर्य वीरांगना शिविर के समापन समारोह में यह बातें कही।

साउंड बाईट– संजय सेठ, लोहरदगा ऑन बेटी– 21 सेकेंड

मंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में 28 जून से सात जुलाई तक आयोजित प्रशिक्षण शिविर में लोहरदगा की 80 बेटियां भाग लेंगी। इन बेटियों को संसद भी दिखाया जाएगा।

****

इधर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में 49वें एकल ऑन व्हील्स के प्रथम बैच का कल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों और सेवा बस्तियों के बच्चों और महिलाओं तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अत्याधुनिक बस के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

****

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने सीएसआर के तहत **'आरोग्य मित्रा'** प्रोजेक्ट के माध्यम से धनबाद सदर अस्पताल को हेल्थ एटीएम और पोर्टेबल ईसीजी मशीन उपलब्ध कराई है। आरोग्य मित्रा प्रोजेक्ट सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर अमित चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों तक त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

****

गिरिडीह सेंट्रल जेल में कल देर रात उपायुक्त राम निवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक अधिकारियों ने छापामारी की। छापेमारी में पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है या नहीं, इसकी सूचना अबतक नहीं दी गयी है। गिरिडीह जेल में बड़े नक्सली और अपराधी बंद है।

****

ग्रामीण विकास विभाग और झारखण्ड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसाइटी ने रामगढ़ जिले में **'हर घर सुरक्षा अभियान'** के तहत विभिन्न प्रखंडों में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बैंक सखियों और सामुदायिक कैडरों ने केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

मौसम विभाग ने आज राजधानी रांची में हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार आज से अगले दो दिनों तक राजधानी रांची के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है।

*********समाप्त************